

# उज्जैन में गूंजे शुक्ल यजुर्वेद के स्वर... 400 बटुकों में हुई वेद मंत्रों की अंत्याक्षरी

- ललिता त्रिपुर सुंदरी वेद विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मारी बाजी

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2026 के तहत शनिवार को शहर में एक अनूठा और आध्यात्मिक आयोजन हुआ। पीपलीनाका रोड स्थित श्री गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर शहर के विभिन्न गुरुकुलों के 400 छात्रों (बटुकों) के बीच वेद मंत्रों की भव्य अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम संयोजक ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास (अनुष्ठान मंडपम ज्योतिष अकादमी) ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलन, चारों वेदों के पूजन और महाराजा विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण के साथ इस आयोजन का शुभारंभ हुआ।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के मंत्रों पर आधारित इस कड़े और रोचक मुकाबले में बटुकों ने अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ललिता त्रिपुर सुंदरी वेद विद्यालय के बटुकों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय स्थान पर कण्व वेद विद्यालय ने कब्जा जमाया, जबकि तीसरे स्थान पर मोनी बाबा वेद विद्यालय और रामानुज कोट वेद विद्यालय के बटुक संयुक्त रूप से विजेता रहे। अतिथियों द्वारा सभी विजेता बटुकों को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह और नकद राशि भेंट कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका वैदिक स्वप्निल लाखे और वैदिक पं. राहुल शर्मा ने निभाई। इस अवसर पर युवा कथाकार पं. कमलेश, दिनेश रावल, पं. गोपाल कृष्ण दवे, पं. हेमंत जोशी, आचार्य पं. अनुपम शर्मा और विजय प्रजापत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समन्वयक पं. अधीश द्विवेदी ने आयोजन का सफल संचालन किया और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

### दिग्गजों का मिला सान्निध्य और मार्गदर्शन

इस पावन आयोजन में श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति व अखिल भारतीय सनातन परिषद के संभागीय अध्यक्ष महंत महावीर दास महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। अध्यक्षता महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिव शंकर मिश्र ने की। वहीं, विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गीता प्रचारक श्री गीतानंद जी महाराज, विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक व मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार राम तिवारी और डॉ. रमन सिंह सोलंकी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# लोक अदालत : निगम काउंटरों पर करदाताओं की रही भीड़



**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के करदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए बकाया संपत्ति कर और जलकर जमा किया। विशेष छूट का लाभ लेने के लिए कई जोन कार्यालयों में दिनभर भीड़ बनी रही और देर रात तक लोग लाइन में लगकर कर जमा करते रहे।

निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए नेशनल लोक अदालत में आने वाले लोगों से चर्चा की। इस दौरान डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलने से करदाताओं ने राहत भी महसूस की। भुगतान के माध्यमों की बात करें तो नकद से 3297 रसीदों पर 2 करोड़ 69 लाख 52 हजार 710 रुपये चेक से 175 रसीदों पर 1 करोड़ 75 लाख 32 हजार 93 रुपये यूपीआई से 285 रसीदों पर 14 लाख 94 हजार 693 रुपये तथा पीओएस मशीन के माध्यम से 819 रसीदों पर 55 लाख 7 हजार 637 रुपये जमा किए गए।

लोक अदालत में बड़े बकायादारों ने भी टैक्स की राशि जमा की। इस अवसर पर जोन कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों द्वारा जिम्मेदार करदाताओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत भी किया गया। महापौर मुकेश टटवाल ने नागरिकों से चर्चा करते हुए उन्हें बकाया कर जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर विकास और नागरिक सुविधाओं के लिए कर समय पर जमा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, जितेंद्र कुवाल, जोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय सहित जोन के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार लोक अदालत के माध्यम से नागरिकों को अधिभार में विशेष छूट का लाभ मिल रहा है, जिससे बड़ी संख्या में करदाता आगे आकर अपने बकाया कर का भुगतान कर रहे हैं। नेशनल लोक अदालत में लोग लाइन में लगकर अपना बकाया जमा कर रहे थे। सुलभ व्यवस्था देखकर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की पीठ थपथपाई।

### डिजिटल प्रक्रिया से कर दाताओं को मिली मदद

नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार सभी झोन कार्यालयों में कर जमा करने की व्यवस्था की गई थी। करदाताओं को पीओएस मशीन और क्यूआर कोड स्कैन कर डिजिटल माध्यम से कर जमा करने की सुविधा दी गई, जिससे समय की बचत हुई और प्रक्रिया आसान बनी। आंकड़ों के अनुसार संपति कर और जलकर से 5 करोड़ 14 लाख 87 हजार 133 रुपये की राशि जमा हुई। इसमें संपति कर से 3537 रसीदों के माध्यम से 4 करोड़ 63 लाख 91 हजार 522 रुपये और जलकर से 1039 रसीदों के माध्यम से 50 लाख 95 हजार 611 रुपये प्राप्त हुए।

# सफाई कर्मी पर तलवार से हमले का प्रयास

**उज्जैन।** नगर निगम सफाई कर्मी पर शनिवार सुबह एक युवक ने तलवार से हमला करने का प्रयास किया। मामला गीला-सूखा कचरा अलग करने की बात का था। घटना के बाद बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी चिमनगंज थाने पहुंचे और शिकायत की।

प्रतिदिन की तरह सुबह 7.30 बजे फाजलपुरा में सफाईकर्मियों की टीम काम कर रही थी। गली नंबर 3 में जगह कम होने से कचरा कलेक्शन वाहन अंदर नहीं जाता इसलिए कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर कचरा एकत्रित किया जाता है। सफाईकर्मी फैजान पिता जफर निवासी हेलावाड़ी कचरा कलेक्शन करने के लिए गया था। इस दौरान गली में रहने वाले कादर नामक शख्स कचरा डालने आया। फैजान ने उसे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए कहा। इसी बात पर बहस शुरू हो गई और कादर ने फैजान से मारपीट शुरू कर दी। कचरा गाड़ी का ड्राइवर कलीम पिता सलीम खान निवासी हेलावाड़ी और अन्य सफाईकर्मी बीच-बचाव करने पहुंचे तो कादर ने सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए घर के अंदर से तलवार निकाल ली। बताया जा रहा है कि वह तलवार लेकर फैजान के पीछे भी दौड़ा। इसके बाद सफाईकर्मियों की भीड़ एकत्रित हो गई और सभी शिकायत करने के लिए चिमनगंज थाने पहुंचे। यहां उन्होंने टीआई गजेंद्र पचौरिया को मामले की जानकारी दी। पुलिस के फाजलपुरा पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं मामले में निगम के सफाई कर्मी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। बता दें कि अभी कचरा कलेक्शन वाहन के साथ एक कर्मचारी यह देख रहा है कि कचरा गीला और सूखा अलग अलग दिया जा रहा है कि या नहीं।

# नगरीय प्रशासन आयुक्त पहुंचे रामघाट

- नैवेद्य लोक परिसर और यूनिटी मॉल का भी किया निरीक्षण

**उज्जैन।** नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने शनिवार को सुबह शिप्रा नदी के रामघाट, यूनिटी मॉल, नगर निगम द्वारा आयोजित जोन क्रमांक 6 में आयोजित नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने शनिवार को सुबह शिप्रा नदी के रामघाट का निरीक्षण कर सिंहस्थ 2028 में नगर पालिक निगम द्वारा प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। नगरीय प्रशासन आयुक्त भोंडवे ने शिप्रा नदी के घाटों पर हरियाली के लिए पौधरोपण कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। आयुक्त भोंडवे ने नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत जोन 6 में पहुंचकर संपत्ति कर दाता से चर्चा कर डिजिटल पीओएस मशीन के माध्यम से संपत्ति कर जमा करने के साथ ही नगर निगम की राजस्व वसूली की जानकारी ली। इसके बाद आयुक्त भोंडवे ने उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नानाखेड़ा क्षेत्र में निर्मित किए गए नैवेद्य लोक परिसर और इंदौर रोड पर निर्माणाधीन यूनिटी मॉल का निरीक्षण किया।

## एक नजर में



### जैन वो जो जिन बनने की रखता हो भावना

**उज्जैन।** जैन धर्म में केवल जन्म लेने से ही हम जैन नहीं कहलाते। जब हम अपने पुरुषार्थ से तप और आराधना कर परमात्मा की स्तुति करते हैं, तभी हमें वास्तविक जैनत्व की प्राप्ति होती है। हम सभी के भीतर जिन (राग-द्वेष विजेता) बनने की योग्यता है, बस जरूरत है अपने अंदर के विकारों को दूर करने की। यह ओजस्वी विचार श्रमणसंघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि ने वर्धमान स्थानकवासी महावीर भवन, नमक मंडी में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। इस अवसर पर हितेंद्र ऋषि ने भी श्रावक-श्राविकाओं को धर्म संदेश प्रदान किया। प्रवचन के दौरान युवाचार्य श्री ने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का एक प्रेरक संस्मरण सुनाया। उन्होंने बताया कि जब आइंस्टीन से पूछा गया कि क्या आप पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं? तो उन्होंने पहले इसे टाल दिया। लेकिन जब पुन: पूछा गया कि यदि पुनर्जन्म हुआ तो आप क्या बनना चाहेंगे? इस पर आइंस्टीन ने कहा था, मैं जैन बनना चाहूंगा, क्योंकि जैन धर्म विश्व का एकमात्र ऐसा धर्म है जो मनुष्य को साधना के बल पर भगवान बनने का मार्ग प्रदान करता है। युवाचार्य महेंद्र ऋषि ने कहा कि जैन वह है, जो जिन बनने की भावना रखता है। हमें अपने दोषों और कषायों का क्षय करने के लिए जिनवाणी का श्रवण कर तपस्या का फिल्टर लगाना होगा। जब हम किसी वस्तु का त्याग करते हैं, तो वीतरागता की स्थिति में पहुंचकर पाप करने से बच जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि साधना अवश्य करें, लेकिन उसका अहंकार न पालें। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हर अवसर का लाभ उठाकर जिनेश्वर के तत्व को प्राप्त करने का प्रयास करें। शाम के सत्र में युवाचार्य श्री ने युवक-युवतियों के साथ सीधा संवाद किया। मन की बात युवाचार्य के साथ नामक इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं व शंकाओं का समाधान किया। श्री संघ के अध्यक्ष संजय सूर्या एवं महासचिव वरुण श्रीमाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च (रविवार) को प्रात: 9 बजे से युवाचार्य श्री के सानिध्य में विशेष आयोजन होगा। इसके अंतर्गत बहुमंडल द्वारा पुच्छिसुणं के जाप किए जाएंगे। श्रीसंघ और परिवार में अपनी भूमिका विषय पर युवाचार्य श्री के प्रवचन होंगे।



### महापौर मुकेश टटवाल पहुंचे संजोग गैस एजेंसी

**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा मक्सी रोड स्थित संजोग गैस एजेंसी पहुंचकर डिस्ट्रीब्यूटर एवं मैनेजर से शनिवार को चर्चा की गई। इस दौरान बताया कि किसी भी प्रकार से कोई समस्या नहीं है। उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है जो समय अवधि टंकी मिलने की होती है। उसी में गैस की टंकी प्राप्त होगी अनावश्यक रूप से परेशान ना हो ना ही किसी अफवाह पर ध्यान दें। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा उपभोक्ताओं से चर्चा के दौरान कहा कि विगत कई दिनों से भ्रांतियां फैल रही है कि घरेलू गैस टंकी की उपलब्धता में परेशानी आ रही है। ऐसी कोई बात नहीं है केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर मॉनिटरिंग कर रही है। किसी भी प्रकार से उपभोक्ताओं को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। परेशानी सिर्फ इसी वजह से आ रही है कि सभी उपभोक्ताओं द्वारा भ्रांतियां के चक्कर में आकर एक साथ बुकिंग की जा रही है। जिससे थोड़ा समय लग रहा है।

### महापौर ने किया झोन 5 का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम द्वारा शनिवार को समस्त जोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें बकाया संपत्तिकर एवं जलकर दाता अपना बकाया संपत्ति कर जमा करते हुए अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ ले रहे हैं। इस हेतु महापौर मुकेश टटवाल द्वारा झोन क्रमांक 05 का निरीक्षण करते हुए नागरिकों से चर्चा कर अपना बकाया संपत्ति कर जमा करने हेतु अपील की गई। इस दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, जितेंद्र कुवाल, झोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय एवं जोन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निर्देश... रविवार को भी खुली रहेंगी गैस एजेंसियां

- आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए सेल्स ऑफिसर्स को किया अलर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के सख्त निर्देशों के तहत रविवार को भी सभी गैस एजेंसियों के कार्यालय खुले रहेंगे तथा गैस बुकिंग और रिफिल का कार्य सामान्य दिनों की तरह किया जाएगा।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी सेल्स ऑफिसरों को निर्देशित किया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि रविवार को कोई भी गैस एजेंसी बंद न रहे। एजेंसी संचालकों और उनकी टीमों को पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन, वाहनों और अन्य व्यवस्थाओं की योजना तैयार करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रविवार को भी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी आपात स्थिति में सामान्य दिनों की तरह जारी रहेगी, ताकि सोमवार को अत्यधिक बैकलॉग की स्थिति न बने और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही गैस प्लांट भी रविवार को क्रियाशील रहेंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिससे गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

# केरल की वारदात में फरार दो महिलाएं गिरफ्तार

- 10 वर्ष पहले हुई लूट में फरार चल रही थीं आरोपी

**उज्जैन।** केरल में 10 साल पहले हुई लूट और हत्या के मामले में फरार चल रही दो महिलाओं को उज्जैन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों को केरल पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि वर्ष 2016 में केरल से कुन्नूर जिले में हुई हत्या और लूट के मामले में 10 सालों से फरार दो महिलाओं की तरह केरल पुलिस कर रही थी। दोनों महिलाओं के संबंध में केरल पुलिस में उनके उज्जैन से गुजरने की जानकारी क्राइम ब्रांच टीम से साझा की थी। इसके बाद से क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट हो गई थी। लगातार केरल के संपर्क में रहने के साथ दोनों महिलाओं को उज्जैन से पकड़ लिया गया। 10 साल बाद गिरफ्त में आई महिलाएं दक्षिण पश्चिमी दिल्ली की रहने वाली सकीना फातिमा 33 साल परवीन बानो 48 साल है। दोनों को केरल पुलिस के उज्जैन पहुंचते ही सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं वर्ष 2013 में आंध्र प्रदेश पुलिस की गिरफ्त में भी आ चुकी थी। 10 साल पहले केरल में उन्होंने संगीन जुर्म को अंजाम दिया था। उसके बाद से लगातार फरार चल रही थी। दोनों दिल्ली में छुपकर रह रही थी अपने साथियों से मिलने के लिए निकली थी जो उज्जैन होते हुए जा रही थी। विदित होगी सप्ताह भर पहले ही देवासगेट थाना पुलिस ने शिवपुरी में हुई शिक्षक की हत्या में 3 माह से फरार महिला को उसके बेटे के साथ बस स्टैंड से गिरफ्तार किया था।

## एमआईसी में प्रस्ताव बिना एमओएस पर वसूली कैसे?

**इंदौर.** शहर में एमओएस को लेकर नगर निगम राज्य सरकार के संशोधन पर वसूली कर रहा है. सवाल उठता है कि नगर निगम एमआईसी में स्वीकृति के बिना एमओएस की राशि, को भी सरचार्ज सहित कैसे वसूल सकता है? नगर निगम ने इसके लिए करदाताओं को सूचित नहीं किया और सीधे खाताधारकों के खाते राशि बढ़ाकर बिल भेज दिए गए. एमओएस की राशि जमा करने और वसूलने के लिए निगम ने जाहिर सूचना भी प्रकाशित नहीं कारवाई, क्यों? पहले भी नई वसूली या कर के लिए करदाताओं को सूचित करने के लिए जाहिर सूचना प्रकाशन के साथ विभिन्न तरह से प्रचार प्रसार करके सूचित किया जाता रहा है.

# महाभियान 2026 की मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला आज से प्रारंभ

- 15 मार्च से 12 भाजपा संगठनात्मक मंडलों में संपन्न होगी



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाएं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में 15 मार्च से नगर के 12 भाजपा संगठनात्मक मंडलों में सम्पन्न होने जा रही हैं।

भाजपा मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार विगत दिवस इंदौर में उज्जैन जिले के चयनित पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ था। इस प्रशिक्षण कार्यशाला से प्रशिक्षीत होकर उपरोक्त सभी पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अब नगर के समस्त 12 ही संगठनात्मक मंडलों में भाजपा के कार्यकर्ताओं, वर्तमान पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी सहित वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित करेंगे। इस क्रम में 15 को ग्रामीण मंडल व 16 को महाराजवाड़ा मंडल, 17 को केशवनगर मंडल में वर्ग प्रभारी एवं मंडल वर्ग नियंत्रक पदाधिकारियों कि उपस्थिति में कार्यशाला सम्पन्न होगी। प्रशिक्षण कार्यशाला नगर संयोजक आनन्दसिंह खींची ने बताया कि सभी प्रशिक्षण सत्रों में अपेक्षित प्रशिक्षुओं की उपस्थिति संगठन के डिजिटल एप पर दर्ज की जावेगी।

# अस्थियां विसर्जन करने की बात पर काका के पुत्र ने किया विवाद, घायलों का मेडिकल कराया

- मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम दताना में रहने वाले रोहितदास बैरागी के पिता का 3 दिन पूर्व निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार दताना शमशान घाट पर किया गया था। शुक्रवार सुबह रोहित पिता अस्थियां एकत्रित करने पहुंचा। इस दौरन काका के पुत्र श्यामदास बैरागी, राजूदास बैरागी और भतीजे विकास बैरागी, यशोमणी बैरागी भी पहुंच गये। उन्होंने रोहितदास से अस्थियां मांगी और विसर्जन करने की बात कही। रोहितदास ने अपने पिता की अस्थियां खुद विसर्जित करने की बात कहीं। जिस पर उनके बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि काका के पुत्रों और भतीजों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। मारपीट में रोहितदास घायल हो गया। उसे रिश्तेदार हरिवल्लभ बैरागी नरवर थाने लेकर पहुंचा। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण करने के बाद मामले में मारपीट करने वाले चारों लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

**दादा गुरु ने किए दर्शन** ▶ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खुद साथ लेकर पहुंचे मंदिर, नंदी हॉल में समिति ने किया सम्मान

# नर्मदा की परिक्रमा पूरी कर महाकाल दर्शन करने आए दादा गुरु

**उज्जैन।** नर्मदा की परिक्रमा पूरी कर परम पूज्य संत दादा गुरु शनिवार को उज्जैन में ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खुद उन्हें अपने साथ लेकर मंदिर आए।

उन्होंने सुबह की दद्योदक आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। पुजारी आशीष गुरु ने उनका पूजन संपन्न कराया। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस एन सोनी ने दादा गुरु का नंदीहाल में स्वागत किया। दादा गुरु ने चौथे चरण की नर्मदा परिक्रमा पूरी की है।





उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की दो दिनी बैठक का समापन शनिवार को नीलगंगा स्थित शिवांजलि गार्डन में हुआ। इस अवसर पर संत समागम के साथ ही किन्नरों ने आकर्षक नृत्य भी किया। किन्नर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि किन्नर मोबाइल से रील बनाना बंद कर दे और अपनी मर्यादा में रहे। दूसरे दिन उज्जैन के अखाड़ों व आश्रमों के स्थानीय संत-महंतों को आमंत्रित किया गया था। सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आचार्य महामंडलेश्वर के सान्निध्य में संतों का सम्मान कर उन्हें दक्षिणा भेंट की गई। इस अवसर पर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर डॉ. वैष्णवी जगदम्बा गिरि ने नमः शिवाय भजन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। इसके बाद दिल्ली से आई कालिंदी सहित अन्य किन्नर संतों ने भी अपने नृत्य की जोरदार प्रस्तुतियां दी।

# परिचय सम्मेलन आज

**उज्जैन।** श्री महाकाल पैलेस में राजपूत समाज का 32 वां राष्ट्रीय युवक युवति परिचय सम्मेलन 15 मार्च की प्रात:11 से नीमच के विधायक दिलीपसिंह परिहार, नागदा के विधायक तेजबहादुरसिंह चौहान, बदनावर के विधायक भंवरसिंह शेखावत के अतिथ्य तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित है। जिसमें देश-विदेश से समाज के हजारों नौनिहालों में प्रविष्टियां भेजी हैं,सैकड़ो रिश्ते तय होंगे,देश के सर्वाधिक युवक युवतियों के डाटा युक्त राष्ट्रीय पत्रिका परिणाम दर्पण 2026 का विमोचन किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगन्तुकों अभिनंदन बारातियों के अभिनन्दन की तरह किया जायेगा।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स का संभागीय सम्मेलन आज

**उज्जैन।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश उज्जैन संभाग का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन 15 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 14 मार्च को एक विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आमंत्रित पदाधिकारियों द्वारा एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। यह संभागीय सम्मेलन मंगलनाथ रोड पर सांदीपनी आश्रम के सामने स्थित सॉई कृपा रेस्टोरेंट में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ-साथ प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया, सुभाषचन्द्र शर्मा, व अन्य प्रांतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# जिला कार्यकारिणी गठित

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी में शनिवार 14 मार्च को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा, उज्जैन द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संयुक्त तहसील नगरीय कार्यालय के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसी तारतम्य में 25 नए पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।